# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–12.07.2025 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज वर्चुअल माध्यम से 51 हजार से अधिक युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र, रांची समेत देशभर के 47 स्थानों पर आयोजित होगा रोजगार मेला।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जुलाई को दो दिनों के दौरे पर पहुंचेंगी झारखंड, 1 अगस्त को एम्स देवघर और आईआईटी–आईएसम धनबाद के दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल।
- झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र एक से सात अगस्त तक चलेगा, एकीकृत पेंशन स्कीम को भी मिली मंजूरी, राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए 27 फैसले।
- टेंडर घोटाला मामले में पूर्व मंत्री और जेल में बंद आलमगीर आलम की जमानत याचिका झारखंड हाईकोर्ट ने की खारिज।
- रांची में चल रही 15वीं सब जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में मेजबान झारखंड, हरियाणा, ओडिशा और मिजोरम की टीम ने सेमीफाइनल में बनाई जगह।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। वे इस अवसर पर इन युवाओं को सम्बोधित भी करेंगे। यह कार्यक्रम सरकार के रोजगार मेला अभियान का हिस्सा है। 16वां रोजगार मेला देश में 47 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। रांची में यह कार्यक्रम सीसीएल के दरभंगा हाउस के सभागार में आयोजित होगा। रोजगार मेला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है।

*********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जुलाई को झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर आएंगी। वे दौरे के पहले दिन देवघर में बाबा वैद्यनाथ मंदिर में पूजा अर्चना करेंगी। वहीं एक अगस्त को देवघर एम्स के पहले दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इसके बाद राष्ट्रपति उसी दिन धनबाद में स्थित आईआईटी–आईएसएम के 45 वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में लगभग दो हजार विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान करेंगी। इससे पहले राष्ट्रपति को दस जून को देवघर आना था, लेकिन इसे स्थगित कर दिया गया था।

*********************

झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र एक अगस्त से शुरू होगा। 7 अगस्त तक चलने वाले सत्र में सदन की कार्यवाही पांच दिन चलेगी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में 27 प्रस्तावों को मंजूरी मिली। मंत्रिपरिषद ने एकीकृत पेंशन योजना, सभी थानों के लिए वाहनों की खरीदारी, संस्था निबंधन नियमावली के गठन और राज्य कर्मियों और पेंशन भोगियों के महंगाई भत्ते में छह प्रतिशत की वृद्धि के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी। कैबिनेट की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने मंत्रिपरिषद द्वारा लिए गए फैसलों की जानकारी दी।

*********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से रांची के कांके अंचल स्थित नगड़ी के रैयतों तथा किसानों ने मुलाकात कर रिम्स–दो के लिए हो रहे जमीन अधिकरण पर रोक लगाने के लिए पहल करने का आग्रह किया है।

वहीं दूसरी तरफ राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने रिम्स– दो के निर्माण को लेकर उत्पन्न विवाद पर कहा कि विकास के लिए विरोध नहीं होना चाहिए। नए रिम्स के निर्माण से राज्यवासियों को बेहतर और आधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। यह एजुकेशन और नौकरियों का हब भी बनेगा।

*********************

टेंडर घोटाला मामले में आरोपी और जेल में बंद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत याचिका झारखंड उच्च न्यायालय ने खारिज कर दी है। न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने बीस जून को सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया था। गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय, ईडी की टीम ने टेंडर में कमीशनखोरी के आरोप में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को पिछले वर्ष 15 मई को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था।

*********************

रेलवे ने रांची–भागलपुर श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन के समय और मार्ग में बदलाव किया है। नई व्यवस्था 12 जुलाई से 12 अगस्त तक प्रभावी रहेगी। यह स्पेशल ट्रेन हर शनिवार और सोमवार को रांची से रात ग्यारह बजे प्रस्थान करेगी और मुरी, बोकारो स्टील सिटी, धनबाद, जसीडीह, किउल और सुल्तानगंज होते हुए अगले दिन दोपहर एक बजे भागलपुर पहुंचेगी। वहीं हर रविवार और मंगलवार को भागलपुर से दोपहर एक बजकर पचास मिनट पर ट्रेन खुलेगी और देवघर, जसीडीह, किउल, कोडरमा, हजारीबाग टाउन, बरकाकाना और मुरी होते हुए सवेरे पौने छह बजे रांची पहुंचेगी।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*********************

सरायकेला–खरसावां जिले में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत विद्यालयों में किचन गार्डन बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

*********************

साहिबगंज जिले के शिवगादी धाम में ऐतिहासिक श्रावणी मेले का कल शुभारंभ हुआ। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि यहां श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा और सुविधाओं के व्यापक इंतजाम हैं। इस तीर्थ स्थल को राष्ट्रीय पहचान दिलाई जाएगी, इस दिशा में डीपीआर तैयार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

*********************

राजधानी रांची समेत राज्य के अलग–अलग हिस्सों में अगले पांच दिनों तक बारिश होती रहेगी। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आज भी कई इलाकों में तेज हवा और वज्रपात के साथ हल्की बारिश हो सकती है। वहीं, कल गुमला, सिमडेगा, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम और सरायकेला–खरसांवा में भारी बारिश के आसार हैं।

*********************

राजधानी रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेली जा रही 15वी हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चौंपियनशिप में मेजबान झारखंड, हरियाणा, ओडिशा और मिजोरम की टीम ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। झारखंड ने क्वार्टर फाइनल में मध्य प्रदेश को पेनल्टी शूट आउट में पराजित किया। वहीं, अंतिम आठ के अन्य मुकाबलों में हरियाणा ने उत्तर प्रदेश, ओडिशा ने बिहार और मिजोरम ने पंजाब पर रोमांचक जीत दर्ज की।

*********************

संक्षिप्त खबरें

- रांची के न्यूरो सर्जन डॉक्टर संजय कुमार न्यूरोट्रॉमा सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष बनाए गए हैं।
- लातेहार जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव 26 जुलाई को होगा। 14 जुलाई को मतदाता सूची जारी होगी, जबकि 16 और 17 तारीख को नामांकन पत्र भरे जाएंगे।
- पलामू में पोक्सो कोर्ट के स्पेशल जज ने नाबालिग के साध दुष्कर्म के एक आरोपी को 22 वर्ष का सश्रम कारावास और 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

*********************

अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गये फैसलों से जुड़ी खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

प्रभात खबर की सुर्खी है–सहारा ने झारखंड बिहार में करोड़ो की जमीन कम दाम में बेची, सेबी में नहीं जमा किये पैसे।

दैनिक भास्कर के शब्द हैं– पूर्व सीएस सजल चक्रवर्ती के केयर टेकर पर चार करोड़ उनचास लाख रुपये हड़पने का आरोप, केस दर्ज।

हिन्दुस्तान लिखता है–सावन शुरू होते ही बोल बम के जयकारे से गुंजा बाबाधाम।

दैनिक जागरण ने लिखा है–अब एक सितंबर से निजी कारोबारियों के हाथों में खुदरा शराब की बिक्री।

*********************